प्रेषक,

रवि शंकर मिश्र,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

उद्यान अनुभाग लखनऊः दिनांकः 19 मार्च, 2021

विषयः राजकीय उद्यान, लखनऊ हेतु मैसी फर्गुसन के **TAFE MF 7250 DI (V4)** हेतु धनराशि रू0-6,28,000/- के क्रय की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-225/आई0टी0सेल/2020-21, दिनांक 10.03.2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के अनुदान संख्या-10 के लेखाशीर्षक-4401-फसल कृृषि कर्म पर पूंजीगत परिव्यय-119-बागवानी तथा वनस्पति फसलें-03-नर्सरी-0301 विभाग की स्थापित प्रक्षेत्र/पौधशाला/उद्यान आदि हेतु कृषि/उद्यान यंत्रों तथा अन्य मशीन का क्रय के मानक मद-26 मशीने और साजसज्जा/उपकरण संयत्र में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष राज्यपाल महोदय राजकीय उद्यान, लखनऊ हेतु मैसी फर्गुसन के TAFE MF 7250 DI (V4) हेतु धनराशि रू0-6,28,000/- के क्रय की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति निम्न शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं-

(1) प्रश्नगत स्वीकृति वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2020/बी- 1-149-दस-2020-231/2020, दिनांक 24.3.2020, संख्या-4/2020/बी- 1-192-दस-2020-231/2020, दिनांक-07.4..2020, संख्या-5/2020/ बी- 1- 196-दस-2020-231/2020, दिनांक 11.4..2020 तथा संख्या-6/ 2020/बी-1-218-दस-2020-231/2020, दिनांक 18.5.2020 में दी गयी शर्तों/प्रतिबन्धों/प्रकिया के अधीन होगी।

(2) ट्रैक्टर तथा उपकरणों आदि का क्रय मूल्य जेम पोर्टल के अनुसार न्यूनतम होगा, यह सुनिश्चित किये जानेे का दायित्व विभागाध्यक्ष का होगा।

(3) ट्रैक्टर तथा उपकरणों आदि का क्रय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनु0-02 के संगत शासनादेश में निर्धारित सीमा/धनराशि के अन्तर्गत किया जायेगा।

(4) ट्रैक्टर तथा उपकरणों आदि का क्रय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनु0-02 के शासनादेश दिनांक 23.08.2017 में निहित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।

(5) ट्रैक्टर तथा उपकरणों आदि हेतु अनुमन्य धनराशि/स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नगत टैªक्टर तथा उपकरणों आदि किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से क्रय न किया गया हो अर्थात इसकी द्विरावृत्ति न हो।

2- उपर्युक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान संख्या-10 के लेखाशीर्षक-4401-फसल कृृषि कर्म पर पूंजीगत परिव्यय-119-बागवानी तथा वनस्पति फसलें-03-नर्सरी-0301 विभाग की स्थापित प्रक्षेत्र/ पौधशाला/उद्यान आदि हेतु कृषि/उद्यान यंत्रों तथा अन्य मशीन का क्रय के मानक मद-26 मशीने और साजसज्जा/उपकरण संयत्र का क्रय के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2020/बी- 1-149-दस-2020-231/2020, दिनांक 24.3.2020, संख्या-4/2020/बी-1- 192-दस-2020-231/2020, दिनांक-07.4..2020, संख्या-5/2020/बी-1-196- दस-2020-231/2020, दिनांक 11.4..2020 तथा संख्या-6/2020/बी-1-218- दस-2020-231/2020, दिनांक 18.5.2020 में दी गयी शर्तों/प्रतिबन्धों/प्रकिया के अधीन प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(रवि शंकर मिश्र)
उप सचिव।

.....2/-

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या- /2021-700/58-2021, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. वित्त नियंत्रक, निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उ0प्र0 लखनऊ।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-1, उ0प्र0शासन।
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0शासन।
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2, उ0प्र0शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(रवि शंकर मिश्र)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in